
जल संरक्षण और स्वच्छता सुधार की दिशा में नगर निगम का बड़ा कदम

# जल गंगा अभियान, सफाई व्यवस्था और हितग्राही योजनाओं पर तेज हुई कार्यवाही

**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**



शहर में जल संरक्षण, स्वच्छता और जनहित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। निगमायुक्त तपस्या परिहार ने साप्ताहिक टीएल बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए शहर के समग्र विकास को गति देने पर जोर दिया।बैठक में विशेष रूप से जल गंगा संवर्धन अभियान को प्राथमिकता देते हुए जल स्रोतों के संरक्षण, अतिक्रमण हटाने, रिचार्ज पिट निर्माण और वर्षा पूर्व तैयारियों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही तालाबों और नदियों की सफाई तथा हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए पौधारोपण अभियान को भी गति देने पर बल दिया गया। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए नालों की समयपूर्व सफाई, मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु कीटनाशक छिड़काव तथा आवारा पशुओं पर नियंत्रण के लिए नियमित अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान कर समय रहते समाधान सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।निगमायुक्त ने हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से मिले। आईएचएसडीपी योजना के अंतर्गत आवास आवंटन प्रक्रिया को तेज करने तथा अनाधिकृत कब्जों पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए शहर में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने, संस्थानों में सुरक्षा उपकरणों की जांच और मॉक ड्रिल आयोजित करने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। बैठक में कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, अंशुमान सिंह, असित खरे, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सहायक यंत्री अनिल जायसवाल, सुनील सिंह, आदेश जैन, उपयंत्री पवन श्रीवास्तव, जयेन्द्र प्रताप सिंह, मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह, कार्यालय अधीक्षक नागेन्द्र पटेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कोटर तहसील के सामने कांग्रेस का प्रदर्शन

# तहसीलदार के नदारद रहने पर कुत्ते को सौंपा ज्ञापन

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**



बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल और गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि तथा क्षेत्र में जारी अवैध खनन के विरोध में कोटर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा तहसील कार्यालय के सामने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं ने सभा को संबोधित करते हुए केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा।

नेताओं ने आरोप लगाया कि आम जनता महंगाई से परेशान है, वहीं क्षेत्र में अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है, लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। सभा के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल तहसीलदार मणिराज सिंह बागरी को ज्ञापन सौंपने तहसील कार्यालय पहुंचा, लेकिन उस समय तहसीलदार कार्यालय में मौजूद नहीं मिले। इससे नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखे तरीके से विरोध दर्ज कराते हुए एक कुत्ते को ही प्रतीकात्मक रूप से ज्ञापन सौंप दिया कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह प्रशासन की लापरवाही और जनता की समस्याओं के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा कांग्रेस आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा प्रत्यासी रामशंकर पयासी ने भाजपा सरकार पर पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है भाजपा सरकार पूर्ण रूप से खनन माफिया को हर तरह से संरक्षण देने में लगी हुई है पेट्रोल डीजल गैस के दाम बेतहाशा बढ़ रहे हैं।

कोटर ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी त्रिपाठी ने शासन प्रशासन को चेतावनी दिया एवम कहा कि अगर समय रहते समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि रमाशंकर पयाशी, कार्यक्रम आयोजक लक्ष्मी त्रिपाठी, रामनारायण शुक्ला,अजीत सिंह, राजेंद्र मिश्रा, सत्यभान सिंह, संदीप सिंह,शिवशंकर गोंटियां ,संतोष कुशवाहा, रितेश त्रिपाठी, बबलू चूली ,कामता पांडेय,मुनेंद्र द्विवेदी,हीरामन साकेत, संतोष यादव , तनु मिश्रा, दशरथ सेन प्रकाश पाण्डेय अनुराग सिंह उमेश द्विवेदी, अवधेश तिवारी, रामसहोदार कुशवाहा, लखन सिंह, पदुम सिंह, पुष्पेंद्र त्रिपाठी, संतोष उर्मलिया, के के कुशवाहा,बाला गौतम काशी कुशवाहा नरेंद्र द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।।

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

## पेट्रोल-डीजल, गैस और बिजली दरों में वृद्धि पर जताया विरोध, राहत की मांग



**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**

बढ़ती महंगाई के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया और शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रसोई गैस सिलेंडर की कमी, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और बिजली दरों में वृद्धि को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नेताओं ने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता का बजट बिगड़ गया है और लोगों को राहत देने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला और जिला ग्रामीण अध्यक्ष पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर तत्काल नियंत्रण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। प्रदर्शन में महिला कांग्रेस सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया गया।

500 का नोट बना जाल, रिश्वत लेते आरक्षक रंगे हाथों गिरफ्तार

# महिला डीएसपी और एसडीओपी ने भेष बदलकर किया ट्रैपःएसपीके एक्शन से बहोरीबंद थाना हिला

**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**




पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बहोरीबंद थाना क्षेत्र में एक आरक्षक को 500 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया गया। खास बात यह रही कि इस पूरी कार्रवाई को फिल्मी अंदाज में अंजाम दिया गया, जहां महिला अधिकारियों ने भेष बदलकर ट्रैप किया। जानकारी के मुताबिक, किसानों और ट्रैक्टर चालकों से अवैध वसूली की लगातार शिकायतें मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने सख्त रुख अपनाया। इसके बाद एक गुप्त योजना तैयार की गई। जिसके तहत स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी और प्रशिक्षु डीएसपी शिवा पाठक को जिम्मेदारी सौंपी गई। महिला अधिकारियों ने ग्रामीण महिलाओं का भेष धारण कर ट्रैक्टर में सवार होकर निगरानी शुरू की। पहले से तय योजना के अनुसार ट्रैक्टर चालक को 500 रुपए का नोट दिया गया था, ताकि मांग होने पर वही रकम दी जाए। जैसे ही स्लीमनाबाद मोड़ पर तैनात आरक्षक लक्ष्मण पटेल ने ट्रैक्टर को रोका और कार्रवाई का डर दिखाते हुए 500 रुपए की मांग की, चालक ने उसे वही नोट दे दिया। नोट हाथ में लेते ही ट्रैक्टर में बैठीं महिला अधिकारी सामने आईं और मौके पर ही आरक्षक को पकड़ लिया। पूरी कार्रवाई कैमरे में भी कैद हुई।

मामले की जानकारी मिलते ही एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी आरक्षक लक्ष्मण पटेल को निलंबित कर दिया, वहीं बहोरीबंद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया को लाइन अटैच कर दिया गया। पूर्व में मिली शिकायतों के आधार पर अन्य कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि इस क्षेत्र में लंबे समय से वाहन चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें मिल रही थीं। ट्रैक्टर चालकों से 500 से 1000 रुपए तक वसूले जा रहे थे और कार्रवाई का डर दिखाकर उनसे रकम ली जाती थी। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। इसे साफ संदेश माना जा रहा है कि अब भ्रष्टाचार पर सख्त नजर रखी जा रही है और किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बस्ती के बीच शराब दुकान पर ग्रामीणों का विरोध, हटाने की उठी मांग

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**



जिले जनपद पंचायत नागौद के अंतर्गत ग्राम सिंहपुर की बस्ती में संचालित शराब दुकान को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया है। ग्रामवासियों ने जनपद सदस्य के माध्यम से प्रशासन को आवेदन सौंपते हुए दुकान को तत्काल हटाने की मांग की है।

**क्या है मामलाः** ग्रामीणों के अनुसार, बस्ती के बीच संचालित शराब दुकान के कारण शाम होते ही नशा करने वालों का जमावड़ा लग जाता है। इससे आसपास का माहौल खराब हो रहा है और लोगों, खासकर महिलाओं व बच्चों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

**धार्मिक स्थल और स्कूल के पास दुकानः** आवेदन में बताया गया है कि उक्त दुकान के पास ही फूलमती माता मंदिर और सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल स्थित हैं, जहां बच्चों और श्रद्धालुओं का लगातार आना-जाना रहता है। ऐसे में शराब दुकान का संचालन क्षेत्र की गरिमा और सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रहा है। **महिलाओं के साथ अभद्रता के आरोपः** ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि शराब के नशे में लोग महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और कई बार विवाद की स्थिति भी बन चुकी है। इससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। **बस स्टैंड के पास भी बढ़ी समस्याः** शराब दुकान के पास बस स्टैंड होने के कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को परेशानी होती है। **पहले भी दिया जा चुका है आवेदनः** ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में पहले भी प्रशासन को आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शराब दुकान नहीं हटाई गई, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

रायपुर से मास्टरमाइंड गिरफ्तार, 24.52 लाख की जमीन धोखाधड़ी का खुलासा

# ढीमरखेड़ा पुलिस की कार्रवाईःफर्जी खातों से रकम ट्रांसफर करने का मामला

**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**




जमीन धोखाधड़ी के मामले में ढीमरखेड़ा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने फरार चल रहे मास्टरमाइंड को रायपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, ग्राम बरेली निवासी रणजीत पटेल की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों आदी पटेल और मुकेश पटेल ने महर्षि महेश योगी संस्थान की जमीन बेचने के नाम पर 24 लाख 52 हजार रुपए की ठगी की थी।

इस मामले में थाना ढीमरखेड़ा में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई थी। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी मुकेश पटेल ने एसआरएम फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नाम से फर्जी बैंक खाता खुलवाया था। इसी खाते के माध्यम से आरोपी मनीष पांडे और दिलीप दुबे रकम को अपने खातों में ट्रांसफर कर लेते थे। इसके अलावा मुकुंदी पटेल के नाम से भी फर्जी खाता खोलकर लेनदेन किया गया। पुलिस ने पहले ही आरोपी मुकेश पटेल और मुकुंदी पटेल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया था। वहीं मामले का एक अन्य आरोपी मनीष पांडे फरार चल रहा था, जो पहले एनकेजे क्षेत्र में रहता था और बाद में रायपुर चला गया था। सूचना मिलने पर ढीमरखेड़ा पुलिस की विशेष टीम रायपुर पहुंची और दबिश देकर आरोपी मनीष पांडे को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक चौबे, उपनिरीक्षक सुरेश चौधरी, आरक्षक पंकज सिंह और डुमनदास की अहम भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया और एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में की गई।

## नगर के मंदिर हमारी आस्था और संस्कृति का प्रतीकः लता सकवार



**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

शिवाजी वार्ड बीना में शारदा माता मंदिर के जीर्णोद्धार और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टीन शेड व फर्श निर्माण का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार के द्वारा किया गया है। इस अवसर पर लता सकवार ने कहा कि लम्बे समय से मंदिर जीर्णशीर्ण हालत में था जिसके जीर्णोद्धार एवं टीन शेड निर्माण से वार्ड के श्रद्धालुओं में उत्साह है, इस अवसर पर मंदिर पर महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन रखा गया ओर सभी ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं वार्ड की पार्षद लता सकवार को इस कार्य के लिए धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा नेता कमली राय सहित अन्य वार्डवासी श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# मूल्य वृद्धि ने आम लोगों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया हैः पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर

आवश्यक वस्तु की दरों में वृद्धि निर्णय पूरी तरह से जनविरोधी हैः अध्यक्ष इंदर यादव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर धरना प्रदर्शन तहसीलदार हेमराज सिंह मैहर को ज्ञापन सौंपा गया।

**राजेश बबेले**
**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**



मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बीना द्वारा पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की बढ़ती कीमतों, अनियमित आपूर्ति और उत्पन्न हो रही किल्लत, शासन द्वारा बार-बार एम एस पी तारीख बढ़ाने से किसान परेशान है, एवं स्मार्ट मीटर, फिक्स चार्ज, बिजली दरों की वृद्धि को लेकर नायव तहसीलदार हेमराज सिंह मैहर को ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए सरकार की नीतियों पर तीखे सवाल खड़े किए तथा शीघ्र राहत प्रदान करने की मांग की।भाजपा सरकार की कथनी और करनी में स्पष्ट अंतर दिखाई देता हैः पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपलब्धियों और विदेश नीति का बखान करती है, वहीं दूसरी ओर देश का आम नागरिक पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत और लगातार बढ़ती कीमतों से परेशान है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस आमजन के जीवन की बुनियादी आवश्यकताएं हैं, जिनकी उपलब्धता में कमी और मूल्य वृद्धि ने आम लोगों का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। भाजपा सरकार एक ओर सबका साथ, सबका विकास का नारा देती हैः ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर यादव बिजली दरों में वृद्धि को लेकर सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह निर्णय पूरी तरह से जनविरोधी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार एक ओर ÷सबका साथ, सबका विकास÷ का नारा देती है, लेकिन दूसरी ओर लगातार बढ़ती बिजली दरें आम जनता और छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रही हैं।

## तिथि निर्णय पत्रक कैलेंडर जारी

**त्योहारों को लेकर कन्फ्यूजन होंगे दूर कई पंचागों का अध्ययन कर बनायाः महामंडलेश्वर राधा मोहन दास**

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**



तिथि निर्णय पत्रक कैलेंडर जारी महामंडलेश्वर बोले त्योहारों को लेकर कन्फ्यूजन होंगे दूर कई पंचागों का अध्ययन कर बनाया। उल्लेखनीय है कि धर्म सभा बीना के तत्वाधान में कामदा एकादशी पर तिथि निर्णय पत्रक कैलेंडर का विमोचन अतिथि विद्वानों ने किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गीता स्वाध्याय के पश्चात परम पूज्य महामंडलेश्वर राधा मोहन दास, पंडित दशरथ लाल पुरोहित, देव शंकर दुबे, रामेश्वर शास्त्री, बृजमोहन शास्त्री, हरि दयाल गोस्वामी, दुष्यंत पुरोहित, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुनील सिरोठिया, हरिराम दुबे, राजा भाई दांगी, आदि ने तिथि निर्णय पत्रक का विमोचन किया। तिथि निर्णय पत्रक कैलेंडर का विमोचन महामंडलेश्वर राधा महात्मा ने सैकड़ो की संख्या में उपस्थित कर्मकांडी ब्राह्मण एवं धर्म प्रेमी जनों को संबोधित करते हुए कहा यह पत्रक अनेकों पंचांगों को देखकर सर्वसम्मति से इसका निर्माण किया गया है तिथि निर्णय पत्रक कैलेंडर का विमोचन इस उद्देश्य से इसका निर्माण किया गया है यह उपयोगी हो ऐसी हम कामना करते हैं समय-समय पर इस प्रकार की कार्यक्रम किए जाएंगे एवं विद्वानों द्वारा समीक्षा की जाएगी।

# प्रत्येक दिन रक्तदान 31 रक्तवीरों ने किया ब्लड डोनेट दिया सेवा का संदेश

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**




सेवा और समर्पण की मिसाल पेश करते हुए सिन्धु विकास समिति के तत्वाधान में मार्च माह में 31 रक्तवीरों ने रक्तदान कर मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया इस पुनीत पहल में युवाओं एवं महिलाओं ने उत्साह पूर्वक रक्तदान कर मानवता की सच्ची सेवा की रक्त प्रेरक एवं सिन्धु विकास समिति के अध्यक्ष विनोद गेलानी ने कहा रक्तदान का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के साथ-साथ समाज में रक्तदान युवाओं एवं महिला में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाना है।

संस्था के मीडिया प्रभारी अमित कामरानी ने बताया मार्च माह में रवि फुलवानी राजेश सोने हीरो सेवानी भरत कामदार आकाश बनर्जी रोहित मोडिया हनी आर्य विजय ताम्रकार कामता प्रसाद सेन सुनील गुप्ता पूजा चतुर्वेदी हनी आर्य सुशांत सक्सेना सुनील कुमार पाल राजेश खूबचंदानी राजकुमार जी लोकेश लालचंदानी कमल जानवाणी अरुण विश्वकर्मा दीपेंद्र दहिया भाई प्रह्लाद जी ओमप्रकाश उदासीन सर्वत लालवानी राकेश गाजरानी रवि हरचंदानी रवि तोलवानी सौरभ नामदेव गुड्डू जानवाणी सुमित खटवानी एवं प्रियांशु साहू ने रक्तदान किया। रक्तदान करवाने में मनमोहन माहेश्वरी विभाष बनर्जी आकाश बनर्जी अमित घोगवानी मनीष सदानी महेश रावलानी मोना चोपड़ा निक्की मनचंदानी हीरो सिंह डॉ. सिद्दी का विशेष सहयोग रहा। इस मानवीय कार्य पर संस्था के संरक्षक गोपी गेलानी, श्रीचंद मनवानी, मनोहर डिगवानी, अध्यक्ष विनोद गेलानी, सहित ज्ञान खटवानी, इंद्रलाल आडवाणी, घनश्याम मंघरानी, संजय वाधवानी, महेश रावलानी, दिलीप सोनी, अमित कामरानी, रंजीत सेनानी, जितेंद्र गावरी, बसंत खत्री,अशोक चांदवानी, दीपक वाधवानी,मनीष टेकवानी, पंकज आहूजा, मनीष सदानी,बंटी भोजवाणी सहयोगी मनमोहन महेश्वरी विभाग बनर्जी आकाश मोगिया बसंत शर्मा बंसी नागदेव संजय आहूजा मोना चोपड़ा,राखी होतचंदानी,डॉ. मनीषा सोई, मुस्कान चंदानी,सिमरन होतचंदानी, निशा गोयल, रशिम जैन, आभा सिंह, कशिश नागदेव और जया खंडेलवाल सीमा अग्रवाल ने सभी रक्त वीरों को शुभकामनाएं देते हुए उनके इस कार्य को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

## गायत्री शक्ति पीठ की कलश यात्रा का ग्रामोदय विश्वविद्यालय में भव्य स्वागत

कुलगुरु ने किया कलश पूजन

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**



गायत्री परिवार द्वारा संचालित आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में पहुंची पवित्र कलश यात्रा का गरिमामय स्वागत किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे द्वारा विधि-विधान से कलश पूजन किया गया। कार्यक्रम के उपरांत कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे की अध्यक्षता में गायत्री परिवार के सदस्यों एवं विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों के साथ एक सार्थक एवं प्रेरणादायी विमर्श आयोजित किया गया। विमर्श के दौरान आध्यात्मिकता, संस्कार निर्माण, तथा समाज के समग्र विकास में शिक्षा संस्थानों की भूमिका पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के स्थानीय प्रमुख डॉ. राम नारायण त्रिपाठी ने कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे एवं कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय को गायत्री परिवार की ओर से गायत्री साहित्य और फोल्डर भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण सहित गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। समूचा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा एवं उत्साह से ओतप्रोत रहा।